ई–मेल/डाक

राजस्थान सरकार
**(निर्वाचन विभाग)**

**क्रमांकः** प.3(2)(2)रोल/निर्वा/नि.अ./2018/1170 **दिनांक** 16/2/2018

**प्रेषक : मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
राजस्थान, जयपुर

**प्रेषित :** समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी,
(कलक्टर), राजस्थान।

**विषय : अर्हता दिनांक 01.01.2018 के क्रम में मतदाता सूचियों का निरन्तर अद्यतन – निरन्तर अद्यतन की अवधि में युवाओं एवं विशेष योग्यजनों के पंजीकरण हेतु चलाए जाने वाले "सबल" विशेष अभियान के संबंध में।**

**प्रसंग : विभाग का समसंख्यक पत्र क्रमांक 1081 दिनांक 09 फरवरी, 2018**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत विभाग के प्रासंगिक पत्र दिनांक 09 फरवरी, 2018 के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार राज्य में माह फरवरी–मार्च, 2018 में चलाए जाने वाले **"सबल"** अभियान की तैयारी के विषय में दिनांक 14 फरवरी, 2018 को आयोजित वीसी के माध्यम से चर्चा की गई है।

2. सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) से इस अभियान के विषय में हुए विस्तृत विचार–विमर्श के पश्चात् विभाग के प्रासंगिक पत्र दिनांक 09 फरवरी, 2018 में दिए गए निर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए निम्न प्रकार से कार्यवाही की जानी है –

2.1 जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) **"सबल"** अभियान की तैयारी के संबंध में सर्वप्रथम इस अभियान से जुड़े सभी अधिकारी/संस्थाएँ यथा समाज कल्याण अधिकारी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, सरकारी/गैर सरकारी संस्थाएँ (लायन्स/रोटरी क्लब) से विचार–विमर्श करें तथा विशेष योग्यजनों का एक विश्वसनीय डेटाबेस तैयार किया जाकर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध कराया जाए। इस विषय में संबंधित सभी से जिला स्तर पर एक बैठक आयोजित कर ली जाए।

2.2 इस कार्यवाही के पश्चात् जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) इस अभियान की तैयारी की रूपरेखा (Methodology) तैयार करेंगे जिसके अन्तर्गत चर्चानुसार दिनांक 20–28 फरवरी, 2018 के मध्य शैक्षणिक संस्थानों में शिविर आयोजित किए जाएगे। इसमें जिलों में कार्यरत सभी विशेष योग्यजनों से संबंधित शैक्षणिक संस्थाओं को आवश्यक रूप से सम्मिलित किया जाए।

2.3 अभियान के दौरान युवाओं एवं विशेष योग्यजनों का शत–प्रतिशत पंजीकरण किया जाना है। इसलिए इस अभियान की आम नागरिकों तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु **विशेष स्वीप कार्ययोजना तैयार** की जानी है। जिला निर्वाचन अधिकारियों से अनुरोध है कि वह उनके पास स्वीप के अन्तर्गत उपलब्ध बजट का उपयोग कर इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भेंजे तथा साथ ही अभियान हेतु बजट की मॉग हेतु प्रस्ताव भेंजे ताकि तद्नुसार बजट आवंटन की कार्यवाही की जा सके।

2.4 दिनांक 28 फरवरी, 2018 से पूर्व इस कार्य से जुड़े अधिकारी/कर्मचारी यथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सुपरवाईजर एवं बीएलओ को प्रशिक्षण प्रदान किया जाए जिससे कि सभी को यह स्पष्ट हो कि उनके द्वारा अभियान के दौरान किन–किन बिन्दुओं पर कार्यवाही की जानी है। इस अभियान के दौरान सुपरवाईजर्स को अधिक जिम्मेदार बनाया जाए।

2.5 अभियान के विषय में एक संक्षिप्त बुकलेट तैयार की जानी है जिसमें विधानसभा क्षेत्रवार आयोजित होने वाले शिविर, विशेष योग्यजनों का डेटा, स्वीप कार्ययोजना आदि का विशेष रूप से उल्लेख किया जाए। उक्त निर्देशिका आवश्यक रूप से दिनांक 28 फरवरी, 2018 तक तैयार कर ली जाए।

2.6 अभियान से पूर्व/अभियान के दौरान प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप की कम से कम/वृह्द गतिविधियॉ आयोजित की जावें।

www.rajteachers.com

3. राज्य में विशेष योग्यजनों के पंजीकरण के विषय में गत् वृहद् पंजीकरण अभियान के दौरान कार्यवाही की गई है। इसके पश्चात् मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2018 के अन्तर्गत पात्र विशेष योग्यजनों से प्ररूप 6 में आवेदन पत्र प्राप्त कर उनका पंजीकरण किया गया तथा तद्नुसार डेटाबेस तैयार किया गया है। राज्य में माह जुलाई–अगस्त, 2017 में सम्पन्न **''वृहद् पंजीकरण अभियान''** के दौरान मतदाता सूची में पूर्व से पंजीकृत विशेष योग्यजनों का सर्वे भी किया गया है। सर्वे के दौरान संकलित सूचना के अनुसार कुछ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा मतदाता सूचियों के डेटाबेस में डेटा एन्ट्री का कार्य भी किया गया है। विभाग में उपलब्ध सूचना के अनुसार इस अभियान के अन्तर्गत कुल 2.25 लाख विशेष योग्यजन सर्वे के दौरान मतदाता के रूप में चिन्हित किए गए है। इनमें से केवल 95 हजार विशेष योग्यजन मतदाताओं की सूचना डेटाबेस को अपडेट की गई है। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 28 फरवरी, 2018 से पूर्व सर्वे के आधार पर इलैक्ट्रोल रोल के डेटाबेस को अपडेट करें।

4. वीसी में चर्चा के दौरान सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि वह गत् पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान घर–घर सर्वे के समय बीएलओ द्वारा प्रपत्र 1–8 में संकलित की गई सूचना की डेटा एन्ट्री का कार्य ERO-NET में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आवश्य रूप से दिनांक 25 फरवरी, 2018 से पूर्व पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि तद्नुसार भारत निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जा सके।

5. जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) उदयपुर एवं कोटा को यह विशेष रूप से निर्देशित किया गया है कि ERO-NET के पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत चयनित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में उनके जिले की विधानसभा में समस्त कार्य मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

6. वीसी में चर्चा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारियों (कलक्टर) ने अवगत कराया कि **''सबल''** अभियान के द्वितीय चरण में बीएलओ 1–15 मार्च, 2018 तक घर–घर जाकर सर्वे करेंगे, किन्तु माह मार्च, 2018 के प्रथम सप्ताह में होली के कारण राजकीय अवकाश अधिक है इसलिए सर्वे का कार्य अब 6–20 मार्च, 2018 के मध्य किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) से अनुरोध है कि वह कार्यक्रम में संशोधन करते हुए संबंधित सभी को निर्देशित करने का श्रम करें।

7. **मॉनीटरिंग – ''सबल''** अभियान की समय–समय पर मोनीटरिंग करने हेतु गूगल डाईव पर एक शीट उपलब्ध करवाई गई है, (शीट का प्रारूप संलग्न है) तद्नुसार इसमें समय–समय पर सूचना अंकित करने का श्रम करें ताकि विभाग स्तर पर अभियान की प्रभावी मॉनीटरिंग की जा सके।

उपरोक्त दिशा–निर्देशों की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार।**

भवदीया,

**(डॉ0 रेखा गुप्ता)**
अति0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
राजस्थान, जयपुर।

**क्रमांकः** प.3(2)(2)रोल / निर्वा / नि.अ. / 2018/ **दिनांक**

प्रतिलिपि :–

1. निजी सचिव, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान।
2. समस्त सम्भागीय आयुक्तगण, (रोल पर्यवेक्षक) राजस्थान।
3. अति0 निजी सचिव, अति0 मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान।
4. समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, राजस्थान।
5. समस्त अधिकारी, निर्वाचन विभाग, जयपुर
6. सहायक सांख्यिकी अधिकारी, निर्वाचन विभाग, जयपुर।

**उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**राजस्थान, जयपुर।**

www.rajteachers.com

# District wise Progress of Sabal Abhiyan-2018

| S. NO. | District Name | Whether meeting with stakeholder have been made | | Whether Sveep Activities made (Yes/No.) | Whether training is made | | Total number of camps planed | Total number of camps organized | Youth (18-19) | | | | Disable Persons | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Yes/No | If yes then Date | | Yes/No | If yes then Date | | | Target | Achievement upto SSR-2018 | Gap | Progress | Target | Achievement upto SSR-2018 | Gap | Progress |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | Ajmer | | | | | | | | 123433 | 65445 | 57988 | | 36161 | 582 | 35579 | |
| 2 | Alwar | | | | | | | | 186594 | 90336 | 96258 | | 54687 | 6211 | 48476 | |
| 3 | Banswara | | | | | | | | 92051 | 34757 | 57294 | | 25913 | 5568 | 20345 | |
| 4 | Baran | | | | | | | | 60839 | 37435 | 23404 | | 21395 | 4812 | 16583 | |
| 5 | Barmer | | | | | | | | 121641 | 51760 | 69881 | | 35453 | 50 | 35403 | |
| 6 | Bharatpur | | | | | | | | 130715 | 71648 | 59067 | | 29917 | 1248 | 28669 | |
| 7 | Bhilwara | | | | | | | | 111185 | 69147 | 42038 | | 36299 | 4067 | 32232 | |
| 8 | Bikaner | | | | | | | | 113679 | 47196 | 66483 | | 24302 | 54 | 24248 | |
| 9 | Bundi | | | | | | | | 54612 | 27488 | 27124 | | 21724 | 85 | 21639 | |
| 10 | Chittorgarh | | | | | | | | 77678 | 34804 | 42874 | | 33851 | 1487 | 32364 | |
| 11 | Churu | | | | | | | | 98868 | 53867 | 45001 | | 20915 | 8314 | 12601 | |
| 12 | Dausa | | | | | | | | 83506 | 43551 | 39955 | | 24514 | 2318 | 22196 | |
| 13 | Dholpur | | | | | | | | 63604 | 41606 | 21998 | | 12710 | 1633 | 11077 | |
| 14 | Dungarpur | | | | | | | | 66842 | 28331 | 38511 | | 21740 | 683 | 21057 | |
| 15 | Ganganagar | | | | | | | | 89209 | 39937 | 49272 | | 32798 | 4109 | 28689 | |
| 16 | Hanumangarh | | | | | | | | 83293 | 35366 | 47927 | | 28562 | 3738 | 24824 | |
| 17 | Jaipur | | | | | | | | 351674 | 141241 | 210433 | | 113299 | 5838 | 107461 | |
| 18 | Jaisalmer | | | | | | | | 31145 | 16188 | 14957 | | 10249 | 1481 | 8768 | |
| 19 | Jalore | | | | | | | | 85120 | 34425 | 50695 | | 27809 | 1237 | 26572 | |
| 20 | Jhalawar | | | | | | | | 66798 | 31265 | 35533 | | 21616 | 7706 | 13910 | |
| 21 | Jhunjhunu | | | | | | | | 103122 | 58854 | 44268 | | 25458 | 3681 | 21777 | |
| 22 | Jodhpur | | | | | | | | 180026 | 39735 | 140291 | | 61721 | 1679 | 60042 | |
| 23 | Karauli | | | | | | | | 73868 | 45823 | 28045 | | 19763 | 4719 | 15044 | |
| 24 | Kota | | | | | | | | 105907 | 45899 | 60008 | | 32352 | 2248 | 30104 | |
| 25 | Nagaur | | | | | | | | 162726 | 75827 | 86899 | | 47777 | 6151 | 41626 | |
| 26 | Pali | | | | | | | | 89467 | 44805 | 44662 | | 41534 | 3083 | 38451 | |
| 27 | Pratapgarh | | | | | | | | 32354 | 13599 | 18755 | | 11153 | 11 | 11142 | |
| 28 | Rajsamand | | | | | | | | 52305 | 25114 | 27191 | | 20148 | 947 | 19201 | |
| 29 | S. Madhopur | | | | | | | | 66968 | 31246 | 35722 | | 21426 | 640 | 20786 | |
| 30 | Sikar | | | | | | | | 137714 | 63704 | 74010 | | 27649 | 4823 | 22826 | |
| 31 | Sirohi | | | | | | | | 50101 | 19941 | 30160 | | 15354 | 28 | 15326 | |
| 32 | Tonk | | | | | | | | 72498 | 31217 | 41281 | | 26881 | 17 | 26864 | |
| 33 | Udaipur | | | | | | | | 136858 | 71784 | 65074 | | 53387 | 5606 | 47781 | |
| 34 | **Total** | | | | | | | | **3356400** | **1563341** | **1793059** | **0** | **1038517** | **94854** | **943663** | **0** |

www.rajteachers.com